दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। हालांकि प्रमुख दल कांग्रेस और राजद की ओर से दावा–आपत्ति का कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख चालीस हजार इकतीस** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से चौदह **हजार तीन सौ चौहत्तर** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **तीन लाख उन्यासी हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में तीन सौ अट्ठाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली बिजली विभाग की महत्त्वपूर्ण योजना का शिलान्यास किया। इसके तहत शहरी क्षेत्र मे बिजली तारों को भूमिगत किया जायेगा। इस अवसर पर इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विपक्ष के पास विकास का मुद्दा नहीं है। इसलिए विपक्षी नेता लोगों को गुमराह करने के मुहिम में जुटे हुए है। श्री जायसवाल ने समस्तीपुर जिले के उजियारपुर में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता एनडीए सरकार के काम–काज से खुश है और विपक्ष को कोई मौका नहीं देने वाली है। सम्मेलन को

जदूय सांसद कौशलेन्द्र कुमार, भाजपा विधायक तरूण कुमार समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, अरवल, जहानाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ वर्षा की आशंका जताई है। विभाग ने लोगों को इस दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

———————————————————————————————

राज्य के दक्षिणी भागों से होकर एक ट्रफ रेखा गुजरने के कारण अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया के खिजिरसराय में सबसे अधिक उनहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज रोहतास, गया और औरंगाबाद जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में अनेक स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी।

———————————————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड में अति भारी बारिश के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जी जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी घूस जाने से जनजीवन बूरी तरह प्रभावित हुआ है। नालंदा का हिलसा प्रखंड और गयाजी का बोधगया बाढ़ से अत्यधिक में बाढ का़ प्रभावित है। प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

———————————————————————————————

मंडल अयोग के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बी.पी. मंडल की जयंती के अवसर पर मधेपुरा स्थित उनके पैतृक गांव मुरहो में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या अस्सी पर फरदा गांव के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सहरसा पुलिस ने जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत इक्यावन लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल को लौटाया।

———————————————————————————

रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा पुल के पास आज सुबह बस और ट्रक की भीषण टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

समाप्त